# पृथ्वी

गृह पत्रिका 2024—25

चतुर्थ संस्करण—2025



राष्ट्रीय पृथ्वी विज्ञान अध्ययन केंद्र,
पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय, तिरुवनंतपुरम-695011
दूरभाष 0471 2511502, 2511532 फैक्स 0471 2442187

संस्थापक, सेस, केरल



# सी. करुणाकरन

6 मई 1917 – 28 मई 1999

# भावपूर्ण श्रद्धांजलि

गृह पत्रिका 2024–25

निदेशक

प्रो. एन. वी. चलपति राव

राष्ट्रीय पृथ्वी विज्ञान अध्ययन केंद्र, आक्कुळम, तिरुवनंतपुरम

रा पृ वि अ कें

NCESS


## संपादक मंडल

**प्रो. एन. वी. चलपति राव**
निदेशक – अध्यक्ष

**डॉ. कुमार बटुक जोशी**
वैज्ञानिक डी – रा. भा. का. अधिकारी

**श्री डी. पी. मारेट**
वरिष्ठ प्रबंधक – सदस्य सचिव

**सुश्री अलका गोंड**
वैज्ञानिक सी – सदस्य

**श्री रजत कुमार शर्मा**
वैज्ञानिक सी – सदस्य

**डॉ. उण्णिकृष्णन सी. के.**
वैज्ञानिक डी – सदस्य

**डॉ. प्रजित ए.**
वैज्ञानिक सी – सदस्य

**श्रीमती रेश्मा के.**
वैज्ञानिक सहायक ग्रेड बी – सदस्य

**श्रीमती लक्ष्मी जी.**
वैज्ञानिक सहायक ग्रेड ए – सदस्य

**श्रीमती लावण्या एस.**
हिंदी टंकक

## संकलनकर्ता

**विजयलक्ष्मी वी. यु.**
हिंदी अनुवादक (अनुबंध)

## संपादक

**श्री डी. पी. मारेट**
वरिष्ठ प्रबंधक



## प्रकाशन

हिंदी अनुभाग
राष्ट्रीय पृथ्वी विज्ञान अध्ययन केंद्र,
पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय, तिरुवनंतपुरम–695011
दूरभाष 0471 2511502, 2511532 फैक्स 0471 2442187

# प्रसिद्ध विद्वानों द्वारा हिंदी भाषा पर कहे गए उद्धरण

❖ **"हिंदी वह कड़ी है जो भारत को एकजुट कर सकती है।"**

**"हिंदी ही एक भाषा है, जो भारत में सर्वत्र बोली और समझी जाती है।"**

**"हिंदी संस्कृत की बेटियों में सबसे अच्छी और शिरोमणि है।"** – सर जॉर्ज ग्रियर्सन

ब्रिटिश भाषाविद् सर जॉर्ज ग्रियर्सन ने भारतीय भाषाओं का व्यापक अध्ययन किया और लिंग्विस्टिक सर्वे ऑफ इंडिया का नेतृत्व किया। इन्होंने हिंदी सहित कई भारतीय भाषाओं को वर्गीकृत किया और प्रलेखित करने में मदद की।

❖ **"हिंदी केवल भाषा नहीं है; यह भारत की पहचान है।"** – विलियम कैरी

ब्रिटिश मिशनरी और भाषाविद् विलियम कैरी ने भारतीय भाषाओं के विकास में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। इन्होंने हिंदी में धार्मिक ग्रंथों का अनुवाद किया और मुद्रण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किया।

❖ **"संस्कृत माँ, हिंदी गृहिणी और अंग्रेजी नौकरानी है।"** – डॉ. फादर कामिल बुल्के

बेल्जियन जेसुइट पादरी और हिंदी के प्रसिद्ध विद्वान डॉ. फादर कामिल बुल्के ने हिंदी और संस्कृत का गहन अध्ययन किया और हिंदी शब्दकोश एवं साहित्य में महत्त्वपूर्ण योगदान दिया।

❖ **"हिंदी का पौधा दक्षिण वालों ने त्याग से सींचा है।"** – शंकरराव कप्पीकेरी

❖ **"विदेशी भाषा का किसी स्वतंत्र राष्ट्र के राजकाज और शिक्षा की भाषा होना सांस्कृतिक दासता है।"** – वाल्टर चेनिंग

❖ **"मैं दुनिया की सभी भाषाओं की इज्ज़त करता हूँ, पर मेरे देश में हिंदी की इज्ज़त न हो, यह मैं सह नहीं सकता।"** – आचार्य विनोबा भावे

❖ **"जिस देश को अपनी भाषा और साहित्य के गौरव का अनुभव नहीं है, वह उन्नत नहीं हो सकता।"** – डॉ. राजेंद्र प्रसाद

❖ **"राष्ट्रीय व्यवहार में हिन्दी को काम में लाना देश की उन्नति के लिए आवश्यक है।"** – महात्मा गांधी

❖ **"हिंदी का प्रश्न स्वराज्य का प्रश्न है।"** – महात्मा गांधी

# अनुक्रमणिका


| शीर्षक | पृष्ठ संख्या |
|---|---|
| सिर्फ एक | 8 |
| गिरगिट का रंग | 9 |
| चूड़ी का टुकड़ा | 10 |
| पराशक्ति की प्रतिध्वनि | 11 |
| दोस्ती की कीमत | 12 |
| मृत्यु | 14 |
| राष्ट्रीय एकता का माध्यम हिंदी | 16 |
| मज़बूत महिला, स्वस्थ भविष्य | 18 |
| राष्ट्र निर्माण में युवाओं का महत्त्व | 20 |
| भ्रष्टाचार पर एक प्रहर | 21 |
| हिंदी के प्रगामी प्रयोग के लिए सहायक ई–टूल्स | 23 |
| സായന്തനം | 25 |
| പക | 36 |
| സന്തോഷത്തിന്റെ പാത | 30 |
| विश्व हिंदी दिवस 2024 | 33 |
| हिंदी दिवस एवं हिंदी पखवाड़ा 2024 | 34 |
| हिंदी पखवाड़े के तहत आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार वितरण | 35 |
| वर्ष 2024 के दौरान संस्थान में आयोजित अन्य गतिविधियाँ | 40 |
| एनसेस के कर्मचारियों के बच्चों द्वारा बनाए गए चित्र | 44 |

# एनसेस के नए निदेशक महोदय प्रो. एन. वी. चलपति राव जी का पदधारण





राष्ट्रीय पृथ्वी विज्ञान अध्ययन केंद्र
पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय, भारत सरकार
**NATIONAL CENTRE FOR EARTH SCIENCE STUDIES**
**Ministry of Earth Sciences, Govt. of India**



यह मेरे लिए अत्यंत हर्ष और गर्व का विषय है कि राष्ट्रीय पृथ्वी विज्ञान अध्ययन केंद्र की हिंदी गृह पत्रिका **'पृथ्वी'** का चौथा संस्करण आपके समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है। संवैधानिक प्रावधान अनुच्छेद 343(1) के अनुसार हिंदी संघ की राजभाषा है और हम राजभाषा हिंदी के प्रचार प्रसार के लिए प्रतिबद्ध हैं। एनसेस के कर्मचारियों को उनकी मातृभाषा के अतिरिक्त हिंदी के प्रति रुचि एवं उनकी रचनात्मक प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के लिए यह पत्रिका विशेष अवसर प्रदान करती है। यह पत्रिका न केवल हमारे संस्थान की गतिविधियों और उपलब्धियों को प्रदर्शित करती है, बल्कि राजभाषा हिंदी के प्रचार–प्रसार में भी एक महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

अतः मुझे विश्वास है कि यह संस्करण आपके लिए पहले के संस्करणों से भी अधिक जानकारीपूर्ण और प्रेरणादायक रहेगा। मैं इस पत्रिका को सफल बनाने में योगदान देने वाले सभी सहकर्मियों और लेखकों का हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ तथा संवैधानिक नियमों के अन्तर्गत क्षेत्रीय भाषा के साथ–साथ राजभाषा हिंदी के कार्यालयीन प्रयोग को बढ़ाने एवं प्रचार–प्रसार में हम सबके सामूहिक प्रयासों एवं सहयोग की आशा करता हूँ।

हिंदी गृह पत्रिका **'पृथ्वी 2024–25'** के सफल प्रकाशन हेतु मेरी हार्दिक शुभकामनाएँ।

एन.वी. चलपति राव

**प्रो. एन. वी. चलपति राव**
**निदेशक, एनसेस**

**राष्ट्रीय पृथ्वी विज्ञान अध्ययन केंद्र**
**पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय, भारत सरकार**
**NATIONAL CENTRE FOR EARTH SCIENCE STUDIES**
**Ministry of Earth Sciences, Govt. of India**



यह हमारे संस्थान के लिए गर्व का विषय है कि हिंदी पत्रिका का चौथा संस्करण आपके समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है। पिछले संस्करणों की सफलता और आपके उत्साहवर्धन ने हमें इस अंक को और भी बेहतर बनाने की प्रेरणा दी। इस पत्रिका में न केवल संस्थान की उपलब्धियों और गतिविधियों को शामिल किया गया है, बल्कि हिंदी भाषा को बढ़ावा देने वाले लेख भी प्रस्तुत किए गए हैं। हमें विश्वास है कि यह पत्रिका आपको उपयोगी जानकारी प्रदान करेगी और हिंदी भाषा के प्रति आपके लगाव को और गहरा करेगी।

मैं सभी लेखकों, संपादकों और अन्य सहयोगियों को धन्यवाद देना चाहता हूँ जिन्होंने इस पत्रिका को एक सार्थक रूप देने में महत्त्वपूर्ण योगदान दिया। आपका समर्थन और सहभागिता ही हमारी सफलता का आधार है। सभी रचनाकारों को और इस पत्रिका के प्रकाशन से जुड़े सभी लोगों को मेरी हार्दिक शुभकामनाएँ।

डी.पी.मारेट

**डी. पी. मारेट**
**वरिष्ठ प्रबंधक, एनसेस**

# सिर्फ एक



*प्रो. एन. वी. चलपति राव*
*निदेशक*

सिर्फ एक कुसुम से, बनती है सारी बगिया,
सिर्फ एक तुरु से, छा जाती है हरियाली।

सिर्फ एक कोयल की कूक, लाती है ऋतु वसंत की बहार,
सिर्फ एक सितारा, बन जाता है कश्ती का रहनुमा।

सिर्फ एक मुस्कान से, हो जाती है दोस्ती,
सिर्फ एक स्पर्श जगाती है, हम में चेतना।

सिर्फ एक दिये की रोशनी, मिटा सकती है अंधेरे को,
सिर्फ एक सूर्य की किरण, प्रकाशित करती है सारे जहाँ को।

सिर्फ एक गीत, पिघला सकता है पत्थरों को,
सिर्फ एक दिल ही, समझ सकता है सच्चाई की दास्तान।

सिर्फ एक हँसी, दूर करती है उदासी को,
सिर्फ एक शब्द, प्रभावित करता है उदासी को।

सिर्फ एक आशा ही, जगाती है उत्साह को,
सिर्फ एक कदम से, शुरु कर सकते हैं मंज़िल के सफर को।

सिर्फ एक लकीर से, बन जाती है तस्वीर,
सिर्फ एक अंक, बदल देता है विद्यार्थी की तकदीर।

सिर्फ एक महती, बदल सकता है देश के भविष्य को,
सिर्फ एक परमाणु, मिटा सकता है सारी दुनिया को।

सिर्फ एक महात्मा ही, जगा सकता है हम में स्वाभिमान,
सिर्फ एक सत्य ही, बनता है हज़ार असत्यों से महान।

सिर्फ एक ज़िंदगी, बदल सकती है जीवन के मूल को,
दोस्तो, ये केवल एक, केवल एक अंक बदल सकता है आपकी ज़िंदगी को।।

# गिरगिट का रंग



*अलका गोंड*
*वैज्ञानिक सी*

गिरगिट बोला गिरगिट से,
तुमने रंग न बदला आज !!
गिरगिट बोला, सोचा तो था...
नीले अम्बर सा बन जाऊँ,
फिर सोचा पत्ती सा होऊँ।

ठुमक – ठुमक जो बढ़ा आगे मैं,
झूम उठा कि मेघ ही हो जाऊँ,
पर ना जाने क्यों मन मेरा उदास।

आज ठहरता ना एक रंग पर,
कहीं सुना जो किसी को कहते,
हम तो मानव नहीं रंग बदलते...
घड़ी दो घड़ी छाया ले लें,
धूप सही न जाए तन पे।

छुपा कहीं वहीं उसी पेड़ पर,
देख रहा था मैं शाख़ से लिपटे,
थोड़े पेड़ यहाँ के काटूँ,
बाक़ी काटूँगा कुछ दूर चलके।

वहाँ घनी छाया थोड़ी है,
नहीं थकूँगा मैं श्रम करके,
बोल उठा वो पथिक खड़ा हो,
लिए कुल्हाड़ी आगे बढ़ा वो,
सहम गया फिर मैं देख कर ये,
भूल गया तब रंग बदलने !!!

लगा सोचने आज वहाँ मैं,
रंग बदलना होता क्या है ????
यह सुन बोला दूजा गिरगिट,
बदला रंग किसी और ने आज,
लिए उदास से अपने चेहरे,
निकल पड़े दोनों अपने काज।

# चूड़ी का टुकड़ा



*लक्ष्मी जी.*
*वैज्ञानिक सहायक ग्रेड ए*

हँसते–हँसते लुक्का छुप्पी में
भाग रही थी उससे दूर
वृक्ष लताओं की शीतलिमा में
खो गये मेरी चूड़ी के टुकड़े।

हो गया दिल सूना–सूना
जब सच में पिया दूर हो गया
पर उनको मुझसे ज्यादा
देश की रक्षा प्रिय था।



उनकी आवाज़ जब सुनती थी
मन ही मन मैं नाचती थी
पर अधूरी लगी सारी बातें
जब सताती थी मुझे उनकी यादें।

इंतज़ार को खत्म करके
एक दिन वह आया, लेकिन
मैं न पा सकी वह मुस्कान
और न प्रेम भरी आँखें।

रोते–रुलाते लुक्का छुप्पी में
चला गया वह मुझसे दूर
व्यथा की अंधेरे में
खो गये मेरी चूड़ी के टुकड़े।

# पराशक्ति की प्रतिध्वनि



*मधुमिता,*
*पुत्री, प्रो. एन. वी. चलपति राव,*
*निदेशक, एनसेस*



जब वह चलती हैं, धरती आनंदित हो उठती है,
उनके कमल चरणों को अपनी गोद में थाम लेती है,
मानो सृष्टि की धड़कन उन्हीं से स्पंदित हो।
उनके नूपुर केवल झंकार नहीं करते—वे गाते हैं,
ब्रह्मांड में नादस्वरम् के शाश्वत स्वर की भांति गूँजते हैं।

उनकी दृष्टि अनंत आकाश से भी गहरी है,
जिसमें सौ माताओं का स्नेह भी समा जाए तो भी कम पड़े।
भटकों के लिए वे प्रकाश हैं, पीड़ितों के लिए संजीवनी,
करुणा का वह निर्झर, जो हर व्यथा को हर ले।

उनकी शक्ति ही लोकों को संभालती है,
उनका तेज ही सम्पूर्ण सृष्टि का आधार है।
जो एक बार उन्हें देख ले, वह निःशब्द रह जाए।
उस अनंत ज्योति, शिव की प्रिय,
सृष्टि चक्रवर्तिनी महादेवी को मैं
हृदय, आत्मा और संपूर्ण समर्पण के साथ नमन करता हूँ।

# दोस्ती की कीमत



*लक्ष्मी जी*
*वैज्ञानिक सहायक ग्रेड ए*

"जाग गई? कैसे हो?" एक नर्स ने मेरे पास आकर पूछा।
"ज़िंदा, लेकिन सुन्न।"
मेरे सूखे गले से कर्कश आवाज़ निकली।
उसने हँसकर कहा,
"ऐसी स्थिति में तुम ही ऐसे बोल सकती हो।
बिलकुल नहीं बदली, नेहा मनोहर।"
मेरे विवाह के पहले का उपनाम उसके मुँह से सुनकर मैं चौंक गयी।
कहीं इसको मैं जानती तो नहीं!
"मेरे पास अभी भी वह दस साल पुराना रेकॉर्ड बुक है।"
उसने रिकॉर्ड बुक कहा तो मेरी याद कहीं सालों पहले दौड़ती चली गयी।
दसवीं तक मैं मुंबई में पली बड़ी थी।
लेकिन मेरे राजनीतिज्ञ पिता की अकाल मृत्यु (या हत्या) के बाद माँ के छोटे गाँव में आना पड़ा।
वहाँ के स्कूल में मेरा दाखिला करवाया गया इस शर्त पर कि मैं किसी से ज़्यादा बात नहीं करूंगी।
ऐसे मेरा स्कूल जाना तो शुरू हुआ, लेकिन कोई दोस्त तो नहीं मिला।
फिर प्राक्टिकल शुरू हुआ।
मेरे पास के रोल नंबर थी, एक नेहा भास्कर, प्यारी सी एक लड़की जिसके माँ–बाप गरीब थे।
वह मेरे साथ एक टेबल पर थी, रसायन प्रयोगशाला में और हमें उपकरण और रसायन साझा करना पड़ा।
वह बहुत अच्छी थी, लेकिन मैंने अपनी दूरी बनाई रखी।
उसने मुझे अप्रिय समझा होगा, लेकिन मैं क्या करती! मुझे दोस्ती मना थी।
आखिरी परीक्षा का समय आ गया।
जब मैं रासायनिक प्रयोगशाला के बाहर खड़ी थी, तब किसी के रोने की आवाज़ सुनाई।
वहां बरामदे की एक स्तंभ के पीछे नेहा छुपके रो रही थी।
"क्या हुआ?" मैंने पूछा।
"कल बारिश थी ना।''
जब हम अपने घर से रिसाव के कारण पड़ोसी के घर में जा रहे थे तो मेरा रिकॉर्ड बुक भीग गया।"
उसने अपना भीगा रिकॉर्ड उठाकर दिखाया।
स्याही फैल गई थी, कुछ भी नहीं पढ़ पा रही थी उसमें।
"अब मैं क्या करूँ!''

मेरे परिवार की आशा की किरण थी मैं।

जल्दी से पास होकर कुछ बनना चाहती थी, अपने बलबूते पर।

अब क्या करूँ!

मेरा एक साल व्यर्थ हो गया!"

तब मास्टर जी ने मेरा नाम पुकारा, परीक्षा के लिए।

लेकिन मेरे दिमाग में तब उसके आँसू पोंछने का एक उपाय उमड़ा।

"उस दिन तुमने अपना रिकॉर्ड बुक मुझे दिया, याद है? नेहा मनोहर बनी नेहा भास्कर और 102 बनी 103।

तुम्हारी वजह से मुझे अपना एक साल नहीं गंवाना पड़ा और मैं अब यहां खड़ी हूँ, अपने बलबूते पर।"

उसने मेरा हाथ पकड़कर मुस्कुराकर कहा–

लेकिन तुम परीक्षा के बाद अचानक गायब हो गयी थी।

मुझे नर्सिंग में दाखिला मिलने पर मैं आयी थी तुमसे मिलने।

पर तुम कहीं नहीं मिली।"

मैंने कुछ बोलने की कोशिश की, लेकिन आवाज़ नहीं निकल रही थी।

"अच्छा, अब तुम आराम करो।

हमें अभी समय मिलेगा बातचीत करने के लिए, मेरी दोस्त।"

उसने धीरे से मेरा हाथ दबाया और चली गयी।

"दोस्त।"

मैं फुसफुसायी और चेहरे पर एक मुस्कान लेकर नींद में डूब गई।



# मृत्यु



अलका गोंड,
वैज्ञानिक सी

जीवन का ऐसा कौन सा क्षण है, जब हम मृत्यु की तरफ़ नहीं बढ़ रहे हैं....तो फ़िर मृत्यु से इतना भय क्यों? मृत्यु को लेकर इतनी भ्रांतियाँ क्यों? क्या मृत्यु को सहजता से नहीं लिया जा सकता?? मृत्यु से भयभीत रहने का अर्थ है कि हम सत्य से बहुत डरे हुए रहते हैं। सत्य से डर तो केवल अहंकार को ही होता है, क्योंकि अहंकार झूठ होता है, उसे स्वयं को अस्तित्वमान मानने में, सर्वशक्तिमान मानने में स्वयं की हीनता दिखती है, जब मृत्यु जैसा सत्य उसे दर्पण दिखाता है। हम स्वयं में कितने ज्यादा अहंकारी हैं, ये इस बात से भी स्पष्टतः समझा जा सकता है कि हम स्वयं की मृत्यु को लेकर कितने भयभीत और जीवन को लेकर कितने लालायित रहते हैं। हम सब मिट्टी (जड़) ही हैं, केवल चेतना आ गयी है इस मिट्टी को थोड़ी सी, अन्य जीव (मिट्टी) की तुलना में, अन्यथा एक कुर्सी और हम में कोई भेद नहीं रह जाता मृत्यु के बाद। एक क्षण में प्रकृति हमें सर्वशक्तिशाली, प्रभावशाली मनुष्य से कुर्सी की तरह निर्जीव बना सकती है और बना देती है, कुछ भी हमारे हाथ में नहीं रह जाता।

देखा जाए तो हम सब अपने जीवन से प्रति क्षण घटाते हुए मृत्यु की दिशा में ही निरंतर चल रहे हैं। जिसे हम अपना भविष्य कहते हैं, वास्तव में तो वो मृत्यु की और समीपता को ही दर्शाता है। हमारे बीस, पच्चीस वर्षों के आगे की योजना, धन एकत्र करने की कामना, स्वयं के नाम, यश, इत्यादि के लिए हम जितनी भी प्रतिस्पर्धा करते हैं, देखा जाए तो उस समय तक हमारा जीवन और अधिक घट चुका होता है, तो क्या ये सत्य नहीं; कि हम सब अपने वर्तमान में, जो ठीक अगले ही क्षण भूत/अतीत बन कर मिट जाता है, उसको जैसा बनाकर छोड़ देते हैं, वही सत्य रह जाता है। तो फिर, हम क्यों अपनी ही जीवन लेखनी को मलिन स्याही से भरते जाते हैं, जिसमें से केवल ईर्ष्या, अहंकार, लालच, छल–कपट इत्यादि से स्वयं के ही जीवन पर अपने स्याह मन की छाप छोड़ते जाते हैं। जब सभी की गति एक ही दिशा में तय है, तो क्या हो यदि हम अपने आपको इन मलिनताओं से दूर ही रखें।

"दूसरे" लोग हमारे प्रति क्या बैर भाव रखते हैं, ये भी तो इसी पर तय होता है कि उनकी स्वयं की चेतना उनसे क्या करवाती है। हम अपनी चेतना को तो ऊँचा स्थान दे सकते हैं, इतनी ज़िम्मेदारी तो स्वयं के प्रति प्रत्येक मनुष्य का धर्म है। प्रत्येक व्यक्ति यदि "दूसरों" के स्थान पर स्वयं को ही इतना जिम्मेदार बना ले कि वो स्वयं की और अपने बच्चों की चेतना को कभी मलिन नहीं होने देगा, तो फिर "वो दूसरा" व्यक्ति बचेगा ही कहाँ कोई, हर कोई स्वयं में ही एक जागृत चेतना होगा। जब हम सब उस एक अंतिम सत्य को न तो बदल सकते हैं, न टाल सकते हैं और न ही उसे झुठला सकते हैं, तो ये इतना सुंदर क्यों नहीं हो सकता कि हम सब उस साझा निश्चित मंज़िल की तरफ़ सहयात्री बन कर, अपनी–अपनी यात्रा में सुंदर जीवन की लेखनी से सुगंधित छाप छोड़ते हुए हर शब्द लिखें। यदि कोई कुछ अधिक पा भी जाए, तो भी उसकी मंज़िल तो नहीं बदल जाएगी।

इतिहास में भी उन्हीं को सर्वोच्च स्थान मिला है, जिन्होंने अपनी चेतना का स्तर ऊँचा रखा और केवल उन्हीं के माध्यम से जगत् को कुछ लाभ भी हुआ है। कौरवों का पूरा जीवन पांडवों से प्रतिस्पर्धा करने में ही व्यर्थ गया, कदाचित उनके पास अधिक धन, सम्पदा, सिंहासन (स्वर्ण जड़ित), सुख–सुविधाएँ, भोग–विलास सब थे, किन्तु इतना कुछ मिलने के बाद भी उनकी चेतना का स्तर नहीं उठा, उनका अंतर्मन सदा ईर्ष्यालु ही रहा। भला ऐसे

जीवन को विश्व की सभी सुख–सुविधाएँ मिलकर भी क्या तृप्ति दे सकती हैं?? कौरव राजकुमारों के इतने छल–कपट, द्वेष–भाव, राजनीति करने के बाद भी प्रजा के हृदय का सिंहासन तो पांडवों ने ही जीता; और श्रीकृष्ण का गीता–अमृत भी उत्तम अर्जुन को ही मिला। समस्त विश्व के हित हेतु जो गीतामृत उपयोगी एवं आदर्श बना, वो स्वर्ण सिंहासन पर आसीन न तो धृतराष्ट्र को प्राप्त हुआ और न ही ताकतवर एवं दंभी कौरव राजकुमारों को। ऐसे में, उन्हें सब कुछ मिल कर भी कुछ नहीं मिला, और वहीं, सदैव अपने मूल्यों पर, सर्वजन के हित, सुख और संसार के कल्याण हेतु कष्ट सहने वाले, करुणा को सर्वोपरि रखने वाले पांडवों को वन में जीवन बिताते हुए भी सब कुछ मिल गया। उनके पास कौरवों के बराबर कुछ भी नहीं था भौतिक जगत का, किन्तु फिर भी उनके हृदय में करुणा थी, और जहाँ दूसरों के प्रति करुणा होती है, सरलता होती है, वहीं श्री कृष्ण वास करते हैं, और जहाँ श्री कृष्ण वास करते हैं, उनके पास ही मानवता बचती है, पोषित होती है। हृदय में शीतलता होती है, असीम शांति होती है, इस बात की, कि उनके कारण जगत के किसी दूसरे जीव को अनावश्यक प्रतिस्पर्धा, भय, छल–कपट की पीड़ा, सदैव हार–जीत की छीना–झपटी का कष्ट नहीं भोगना पड़ रहा। कौरवों को सत्ता अपनी चेतना से अधिक प्यारी थी, किन्तु मृत्यु के द्वार से तो वो भी नहीं बच पाए। मृत्यु तो पांडवों को भी आई, किन्तु उनकी चेतना और करुणा ने उन्हें सदैव कृष्ण का प्रिय भी बनाए रखा और अनंत काल तक के लिए जगत के सामने उदाहरण भी बना दिया, कि जिनको सत्ता, धन, नाम इत्यादि की लालसा नहीं रहती, वास्तव में वही सबसे उत्तम शासक, सत्तासीन होने की योग्यता रखते हैं। कौरव कितने भी प्रयास कर ले गए, सत्ता, राज–पाट इत्यादि भले ही भोगा, किन्तु किसी के भी हृदय में स्थान नहीं बना पाए।

व्यक्ति की चेतना ही उसे ऊँचा जीवन जीने की प्रेरणा देती है, स्पष्टता देती है, कि क्या वास्तविक धर्म है (जिसका आधार है, करुणा) और क्या दिखावे का। वास्तविक सत्ता तो इस दृष्टि से पांडवों को ही मिली, जिन्होंने धर्म का वास्तविक अर्थ समझा और उस पर ही टिके रहे, और स्वतः ही संसार के लिए प्रेरणा और उदाहरण बन गए। अंतर स्पष्ट था। पांडवों ने सदा स्वयं को एक उत्तम चेतना बनाने पर ध्यान दिया और कौरव पुत्रों ने सदा पांडवों से प्रतिस्पर्धा, छल–कपट में ऊर्जा व्यर्थ ही नष्ट करके अपना पूरा जीवन मलिन कर लिया। कदाचित उन्होंने जीवन को केवल एक यात्रा की तरह देखा होता और मृत्यु को एकमात्र सत्य जानकर अपनी यात्रा को सरल, शुद्ध, स्वच्छ, निर्मल हृदय के साथ पूर्ण किया होता, तो उन्हें जीवन भर के अपने कर्मों के बारे में सोचकर, लज्जा नहीं आती।

मृत्यु एकमात्र सत्य है, और हम सब प्रकृति के उसी एक अंतिम उत्सव के आयोजन के भोजन हैं। इस सत्य को जो साथ रखकर प्रति क्षण जीता है, फिर वह स्वयं को अहंकारी और हृदय को मलिन नहीं करता; वरन् सरल एवं साफ़ हो जाता है, दूसरों के लिए कोई कपट भाव नहीं रखता, अपितु अपनी जीवन यात्रा को और अधिक करुणा की सुगंध एवं सौन्दर्य से पूर्ण करने के लिए प्रयास करता है, खुल कर जीता है, भयरहित होकर और प्रति क्षण कुछ नया सीखने को तत्पर, जीवन के प्रत्येक क्षण से सीखता है, और स्वयं को उत्तम बनाने में लगा रहता है, न कि कौरव पुत्रों की तरह अन्यों को कष्ट देने में।

आयु को अपना काम करने देना चाहिए, किन्तु मनुष्य का धर्म है कि वो अपनी चेतना को बेहतर बनाने में प्रयत्नशील रहे, क्योंकि उसकी चेतना के स्तर के कारण प्रकृति के अन्य प्यारे, निर्दोष, मासूम बच्चे, जिनमें हर एक दूसरा मनुष्य, पशु, पक्षी, पेड़, पौधे, पहाड़, नदियाँ, सागर, कीट–पतंगे सभी आते हैं, उन सबको हमारे मलिन मन से उपजे कर्मों, भावनाओं का कष्ट भोगना पड़ता है। इसीलिए, सदा मृत्यु को स्मरण में रखकर यदि हम अपना जीवन जीते हैं, तो वो हमें दूसरों के साथ दुर्भावना नहीं करने देता, और हमारा अंतर्मन भी शांत रहता है। मृत्यु को शाश्वत सत्य मान कर उसे स्वीकार करके जीने से ही जीवन सहज़ और सरल बन सकता है।




# राष्ट्रीय एकता का माध्यम हिंदी

*विजयलक्ष्मी*
*वी.यु, ॠहदी अनुवादक*

'हिंदी भारत की राष्ट्रभाषा है'। यह पढ़कर आपको शायद लगता होगा कि हमारे राष्ट्र के लिए कोई राष्ट्रभाषा नहीं है, हिंदी केवल भारत का राजभाषा एवं संपर्क भाषा है। जब हमसे पूछा जाता है कि भारत का राष्ट्रीय खेल क्या है तो हम बोलेंगे कि 'भारत का राष्ट्रीय खेल हॉकी है'। लेकिन गूगल कहता है कि भारत का कोई आधिकारिक रूप से नामित राष्ट्रीय खेल नहीं है। फिर भी हम मानते है कि हमारे राष्ट्रीय खेल हॉकी है। लेकिन हम हिंदी को राष्ट्रभाषा के रूप में मानने एवं अपनाने में क्यों नही तैयार है? आपको शायद लगता होगा कि हमारी राष्ट्रभाषा हिंदी ही क्यों, हमारी मातृभाषा भी राष्ट्रभाषा बनने के लिए योग्य है। लेकिन इसका उत्तर यह है कि हिंदी किसी विशेष प्रदेश की भाषा न होकर संपूर्ण भारत की जनता के संपर्क की भाषा है। कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक अनेक भाषाएँ बोली जाती हैं। केरल में मलयालम, तमिलनाडू में तमिल, कर्नाटक में कन्नड़, पंजाब में पंजाबी, हरियाणा में हरियाणवी, राजस्थान में राजस्थानी, बंगाल में बांग्ला, उत्तर प्रदेश में ब्रज, अवधी, पूरबी, कश्मीर में कश्मीरी, उर्दू आदि बोली जाती है। जब इन प्रदेशों के लोग बाहर जाकर दूसरे प्रदेश के लोगों से संपर्क करते है, तब वे हिंदी के माध्यम से ही उनका गुज़ारा चलता है। उनके व्यवहार की भाषा हिंदी ही होती है।

कबीरदास, मीराबाई, दयानंद, अमीर खुसरो, गांधी जी इन सबने हिंदी को सारे देश की भाषा जानकर अपनाया। स्वामी दयानंद जी, जिनकी मातृभाषा गुजराती है, कहा करते थे–

**"हिंदी द्वारा सारे भारत को एकसूत्र में पिरोया जा सकता है।"**

योगीराज अरविंद ने कहा था,

**"भारत के विभिन्न प्रदेशों के बीच हिंदी के प्रचार द्वारा एकता स्थापित करने वाले व्यक्ति ही सच्चे भारतीय बंधु है।"**

हिंदी के प्रसार के लिए महात्मा गांधी, जिनकी मातृभाषा गुजराती थी, ने दक्षिण भारत हिंदी प्रचार सभा की स्थापना की। गांधी जी ने स्वतंत्रता

आंदोलन में हिंदी को भारत की एकता की भाषा कहा है। उन्होंने यह भी कहा था–

**"राष्ट्रभाषा के बिना राष्ट्र गूँगा होता है।"**

उन्होंने अपने समाचार पत्र 'यंग इंडिया' में बारंबार सावधान किया था कि हिंदी ही राष्ट्रभाषा बन सकती है उन्होंने लिखा है–

**"हिंदी को राष्ट्रभाषा घोषित करने में एक दिन भी खोना देश को भारी सांस्कृतिक नुकसान पहुँचा है। जिस तरह हमारी आज़ादी को जबरदस्ती छीनने वाले अंग्रेज़ों की सियासी हुकूमत को हमने सफलतापूर्वक इस देश से निकाल दिया, उसी तरह हमारी संस्कृति को दबाने वाली अंग्रेज़ी भाषा को भी यहाँ से निकाल बाहर करना चाहिए।"**

लाखों दक्षिण भारतवासियों ने भी हिंदी के प्रचार के लिए महान त्याग किया। हिंदी को राजभाषा घोषित करने कि प्रस्ताव रखने वाले प्रथम व्यक्ति दक्षिण भारतीय विद्वान श्री गोपालस्वामी अय्यंगर थे, जिनकी मातृभाषा तमिल थी। हिंदी भाषा के महत्त्व को देखकर संविधान में हिंदी को अपनाया था। 14 सितंबर, 1949 को हिंदी को राजभाषा बनाने का संविधान सभा ने निर्णय लिया था। इस दिन के स्मरण में हम हर साल हिंदी दिवस मनाते है।

26 जनवरी 1950 को जब संविधान लागू हुआ तब संवैधानिक प्रावधान के भाग 5, 6, 17 लागू हुआ था। भाग 5 के अंतर्गत अनुच्छेद 120, भाग 6 के अंतर्गत अनुच्छेद 210 एवं भाग 17 के अंतर्गत अनुच्छेद 343 से लेकर 351 तक लागू हुआ था। उसमें सबसे महत्त्वपूर्ण अनुच्छेद 343 मे यह उल्लेख किया गया है कि संघ की राजभाषा हिंदी और लिपि देवनागरी होगी, संघ के शासकीय प्रयोजनों के लिए प्रयोग होने वाले अंको का रूप भारतीय अंकों का अंतर्राष्ट्रीय रूप होगा। (भारतीय अंकों का अंतर्राष्ट्रीय रूप से तत्पर्य 1, 2, 3, 4, 5...... से है।) हिंदी के विकास के लिए राजभाषा अधिनियम 08 मई 1963 को पारित किया गया था और राजभाषा नियम 17 जुलाई 1976 को लागू हुआ था। राजभाषा हिंदी का प्रचार प्रसार बढ़ाने का कर्तव्य अनुच्छेद 351 के तहत संघ को सौंपा गया था।

आज हिंदी करीब 30 करोड़ भारतवासियों की मातृभाषा और 40 करोड़ लोगों की दूसरी भाषा के रूप में बोली जाती है। ब्रिटन, अमेरिका, जापान, मॉरीशस, आदि देशों में हिंदी स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर तक पढ़ाया जाता है। संयुक्त राष्ट्र संघ के महासचिव बान की मून ने आठवें विश्व हिंदी सम्मेलन की अध्यक्षता करते हुए कहा कि 'हिंदी भाषा सहज सद्भाव की भाषा है।' हिंदी केवल एक भाषा नहीं, बल्कि हमारी पहचान, गर्व और राष्ट्रीय एकता का सशक्त माध्यम है। इसके संरक्षण और प्रचार–प्रसार से हम न केवल अपने देश की विविधताओं को एकजुट रख सकते हैं, बल्कि अपनी संस्कृति को भी सहेज सकते हैं। हिंदी न केवल हमारी सांस्कृतिक विरासत है, बल्कि यह आने वाली पीढ़ियों के लिए राष्ट्रीय एकता का आधार भी है।



# मज़बूत महिला, स्वस्थ भविष्य



*अभिनव कुमार शुक्ला,*
*जेआरएफ*

हर वर्ष 08 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह दिन महिलाओं के सम्मान, संघर्षों और समानता के अधिकार को पहचान देने और समझने का दिन होता है। इस दिन को महिलाओं की समाज के प्रति जागरूकता और उनके अथक संघर्ष के रूप में पहचाना जाता है। समाज में या पूरे विश्व में स्वस्थ और मज़बूत महिलाओं का होना अति आवश्यक है। किसी देश का विकास तभी संभव है, जब उस देश की महिलाएँ सशक्त होंगी।

**विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं की मजबूती:** जब हम मज़बूत महिला की बात करते हैं, तो हमें अक्सर शारीरिक मजबूती का खयाल आता है। हालांकि, ऐसा नहीं है। मजबूती की बात करें, तो शारीरिक, मानसिक और व्यावहारिक सभी इसमें शामिल हो जाते हैं। सबसे पहले हम मानसिक मजबूती की बात करना चाहेंगे। मानसिक मजबूती की शुरुआत उच्च शिक्षा से होती है। आजकल बहुत सारे स्थानों पर प्रारंभिक शिक्षा के बाद महिलाओं को उच्च शिक्षा के लिए बाहर नहीं भेजा जाता है, खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में। यह महिलाओं की कमजोरियों का सबसे बड़ा कारण बन जाता है, जिससे वे मानसिक रूप से कमजोर महसूस करती हैं और शारीरिक कमजोरी स्वतः उत्पन्न होने लगती है।

जब हम शारीरिक कमजोरी की बात करते हैं, तो हमें उससे पहले उस जड़ तक पहुँचना चाहिए जहाँ से यह उत्पन्न होती है। मूलभूत शारीरिक आवश्यकता की कमी एक बड़ा अभिशाप है। अधिकतम ग्रामीण क्षेत्रों में बड़े परिवार के कारण महिलाओं को पूर्ण रूप से पोषण नहीं मिल पाता है और महिलाएँ इस कमजोरी या लाचारी को खुलकर बता नहीं पाती हैं। इससे उनके शारीरिक संतुलन में धीरे–धीरे गिरावट आती है और बढ़ती उम्र के साथ उन्हें भविष्य में कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है।

**शारीरिक मजबूती का भविष्य में प्रभाव:** शारीरिक मजबूती का सीधा प्रभाव महिला के देश पर पड़ता है। यदि महिलाएँ मज़बूत होंगी, तभी देश का विकास संभव है। आजकल पूरे विश्व में महिलाएँ हर दिशा में अपने कला और सामर्थ्य को प्रदर्शित कर रही हैं, चाहे वह खेल का क्षेत्र हो, अनुसंधान का हो, या देश की सुरक्षा का। महिलाएँ सुरक्षा के क्षेत्र में अपने आप को प्रदर्शित कर रही हैं क्योंकि वे शारीरिक रूप से मज़बूत और सशक्त हैं। जैसे–जैसे सशक्तिकरण का स्तर बढ़ रहा है, वैसे–वैसे हमारे देश की महिलाएँ देश के विकास में बढ़–चढ़कर हिस्सा ले रही हैं और खुद को श्रेष्ठ प्रस्तुत करने का प्रयास कर रही हैं।

**महिलाओं की मजबूती का प्रभाव घर से लेकर देश के भविष्य तक:** सबसे पहले हमें शुरुआत घर से करनी चाहिए। पुरुषों की तुलना में, अगर एक महिला घर में शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ होती है, तो परिवार पर उस महिला की मजबूती का प्रभाव साफ तौर पर दिखता और समझ आता है। वह महिला अपने मजबूती के कारण परिवार के संतुलन को बनाए रखती है और समाज को एक अच्छा उदाहरण देती है। वही महिला जब नौकरी, शिक्षा या अनुसंधान के क्षेत्र में होती है, तो देश को नई ऊँचाई और चमक देने का प्रयास करती है। आजकल हमारे देश की महिलाएँ, चाहे वे किसी भी क्षेत्र से जुड़ी हों, देश के उज्ज्वल भविष्य और चमक के लिए निरंतर प्रयास कर रही हैं। उदाहरण के तौर पर, डॉ. इंदिरा हिंदुजा ने टेस्ट–ट्यूब शिशु का आविष्कार किया और टेसी थॉमस ने देश के मिसाइल कार्यक्रम में बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया और महत्त्वपूर्ण योगदान दिया।

महिला दिवस सिर्फ एक दिवस नहीं है, बल्कि यह महिलाओं को सम्मान, समानता और समाज के प्रति समान अधिकार देने का अवसर है। हमें महिलाओं को मानसिक, शारीरिक और आधिकारिक रूप से मज़बूत बनाना चाहिए ताकि देश का विकास अधिकतम तेज़ी से हो सके। यह सत्य है कि परिवार से लेकर देश का भविष्य तभी उज्ज्वल हो सकता है जब उस देश की महिलाएँ हर दृष्टि से सशक्त और मज़बूत हों। महिलाओं को हर दिशा में मज़बूत बनाना चाहिए, चाहे वह शिक्षा हो, स्वास्थ्य हो, या पर्यावरण।

**नारी मज़बूत तो देश मज़बूत**
**नारी शक्ति को नमन!**



# राष्ट्र निर्माण में युवाओं का महत्त्व



*अश्वती*
*वि. के., शोध छात्र*

जब हम अपने राष्ट्र को देखते हैं, तो समझ सकते हैं कि युवाओं की संख्या बहुत बड़ी है। इसका महत्त्व यह है कि केवल संख्या ही नहीं, उनका योगदान भी महत्त्वपूर्ण माना जाता है। युवाओं का महत्त्व कई विभागों में देखा जा सकता है, जैसे विज्ञान, खेल, चलचित्र आदि। जब हम विज्ञान के संदर्भ में बात करते हैं, तो हमें पता चलता है कि आज हमारे राष्ट्र में युवा वैज्ञानिकों की संख्या बहुत बड़ी है और दुनिया के कई स्थानों में उनका नाम प्रसिद्ध हो रहा है। वैज्ञानिक उन्नति में वे कई प्रकार से योगदान दे रहे हैं। जब हम खेल के संदर्भ में बात करते हैं, तो हमारे मन में आईपीएल का नाम आता है। यह युवाओं की विजय है। जैसे प्रज्ञाननंदा ने शतरंज के क्षेत्र में हमारे देश का नाम विश्व में प्रसिद्ध किया है। विनेश फोगट, नीरज चोपड़ा आदि इसमें कुछ प्रमुख नाम हैं।

युवाओं का महत्त्व यह भी है कि उनके विचार, भावनाएँ आदि बहुत नए और आधुनिक होते हैं। वे बहुत सेक्युलर और लोकतांत्रिक हैं, और उनके योगदान से समाज को आगे बढ़ने का अवसर मिलता है। इसके लिए देश को कुछ कदम उठाने की आवश्यकता है। उनकी भावनाओं को प्रोत्साहित करने के लिए अच्छा पर्यावरण भी देना चाहिए। केवल बहुत अधिक युवाओं की संख्या ही नहीं चाहिए, बल्कि हमें सशक्त और ज्ञानपूर्ण युवाओं की आवश्यकता है। राष्ट्र निर्माण में युवाओं का मूल्य समझते समय हमें यह भी ध्यान रखना चाहिए कि हमारा राज्य उन्हें अच्छा पर्यावरण दे। हम अखबारों में पढ़ते हैं कि युवाओं के बीच शराब पीने और तंबाकू का उपयोग बढ़ रहा है। इसलिए देश का पहला कर्तव्य यह होना चाहिए कि वे इन आदतों से युवाओं को दूर रखें। कई देशों की तरह हमारे देश में भी नौकरी की समस्याएं बढ़ रही हैं। इसलिए कई युवा प्रारंभिक शिक्षा के बाद अन्य देशों की ओर जा रहे हैं। उनके पलायन का कारण सोचने का विषय है। युवा पैसे कमाने के लिए और बेहतरीन जीवनशैली के लिए विदेश जाते हैं, लेकिन यदि हमारे देश में अच्छे अवसर होते हैं, तो विदेश जाने वाले युवाओं की संख्या कम हो जाएगी और हमारे लोग अपने राष्ट्र के लिए काम करने लगेंगे।

हम यह नहीं कह सकते कि हमारे राष्ट्र में युवाओं के लिए कोई योजना नहीं है। सरकार द्वारा कई प्रकार की योजनाएँ चलाई जा रही हैं। नया व्यवसाय शुरू करने के लिए स्टार्टअप मिशन, बैंक लोन आदि जैसी योजनाएँ युवाओं को उपलब्ध हैं। आज के युवा किसी भी कार्य से डरते नहीं हैं, वे हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए प्रयासरत हैं। यह सब केवल विज्ञान और खेल में ही नहीं, बल्कि फिल्मों में भी देखा जा सकता है। हमारे देश के छात्र हर क्षेत्र में अपनी छाप छोड़ रहे हैं। इसलिए मैं कहना चाहूँगी कि सरकारी अधिकारियों द्वारा किए गए प्रयास अच्छे हैं। इसके अलावा, हर किसी को विभिन्न अवसर देने चाहिए और हमारे देश के विविधता को ध्यान में रखते हुए पिछड़े वर्ग के लोगों को आगे बढ़ाने की कोशिश करनी चाहिए। जाति भेद के मुद्दों को इस अवसर पर नहीं सोचना चाहिए। जब सभी मिलकर आगे बढ़ेंगे, तो एक नए भारत का निर्माण हो सकेगा। युवा देश का भविष्य हैं, उन्हें प्रोत्साहित करें और देश का नाम हर जगह पर प्रसिद्ध करने का अवसर बनाएँ।

# भ्रष्टाचार पर एक प्रहार



*अजित एस., क्षेत्र सहायक*

भारत अपनी विविध आदतों और मान्यताओं के कारण एक विशाल सांस्कृतिक संगम स्थान हैं। भारतीय संस्कृति विश्व की सबसे पुरानी और महान संस्कृति है, उसका महत्त्व पूरे विश्व में फैला हुआ है। हमारे यहाँ अलग–अलग धर्म, जाति, परंपराओं के लोग मिल–जुलकर रहते हैं। भारत सभी क्षेत्रों में आगे हैं। विज्ञान, प्रौद्योगिकी, शिक्षा, खेल और कृषि के क्षेत्र में भारत तेज़ी से आगे बढ़ रहा है। पर इतना सब होने के पर भी हमारे भारत में एक ऐसी समस्या है, जो सभी मान्यताओं और तरक्की पर प्रहार कर रही है–''भ्रष्टाचार''

भ्रष्टाचार एक आम समस्या है जो हमारे देश में दशकों से एक बीमारी की तरह जड़ें जमा चुकी है। सबसे गरीब से लेकर सबसे अमीर तक भ्रष्टाचार के प्रभाव को हम देख सकते है। अपनी इच्छाओं और उन्नति के लिए दूसरों को संकट में डालने पर भी कोई देर नही करता है। भारत में प्राकृतिक संसाधन, मानव बल के साथ भौतिक संसाधन होने के बाद भी देश के विकास में भ्रष्टाचार एक दीमक की तरह लग गया है। इससे देश में गरीबी और लाचारी ही नहीं, बल्कि कुछ नए संकट भी आ रहे हैं। रिश्वत का लेन–देन, गबन, घोटाला, चुनाव में धांधली, नागरिकों द्वारा टैक्स चोरी, घूसखोरी, राशन में मिलावट आदि भ्रष्टाचार के सामान्य उदाहरण है।

एक व्यक्ति की जन्म से लेकर मृत्यु तक की बातें हम देख जाएँ तो सभी पर भ्रष्टाचार की एक लंबी रेखा हम देख सकते हैं। बच्चे के पैदा होने पर डॉक्टर से लेकर कंपॉड़र तक को भी पैसा देना पड़ता है। अस्पताल की बात कही जाए तो बड़े से लेकर छोटे टेस्ट का नंबर लेने के लिए आज रिश्वत देनी पड़ रही है। बच्चा जब बड़ा हो जाता है तो स्कूल से लेकर उच्च शिक्षा तक हमें पैसों के भंडार से ही प्राप्त होती है। अच्छे नंबर पर आने वालों को भी अब पैसा देकर सीट हासिल करना पड़ रहा है।



नौकरी की बात भी कुछ अलग नहीं है। आज सरकारी नौकरी भी ''बाज़ार में बिक्री सामान'' की तरह हो चुका है जिसे किसी भी अच्छे दाम देकर खरीदा जा सकता है। कुछ ऐसे भी लोग है जो 'जानने वालों' को नौकरी देने पर तत्पर हैं।' समाज के सभी क्षेत्रों में हमें भ्रष्टाचार देखने को मिल रहा है। इसकी रोकथाम के लिए एक अच्छी और स्वस्थ राजनीति की ज़रूरत है, पर यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि हमारे भारत की राजनीति भी रिश्वत घोटालों में डूबी हुई है।

**'लकड़ी के कीड़े पूरी कुर्सी खा जाते हैं और कुर्सी के कीड़े पूरा देश'**

